प्यार मिला है | by Reshmi Sharma

जबसे मुझे ये तेरा दरबार मिला है
प्यार मिला है रे बहुत प्यार मिला है
नज़रों को जबसे तेरा दीदार मिला है
प्यार मिला है रे बहुत प्यार मिला है

इतना सा था ज़िन्दगी का फ़साना
ना कोई मंज़िल थी ना था ठिकाना
दर आया जबसे लगता है तबसे
बेघर को जैसे घर बार मिला है
प्यार मिला है रे बहुत प्यार मिला है

तुम बिन थी ये ज़िन्दगी खाली खाली
बेनूर थी मेरी होली दिवाली
तुमको जो पाया तो जीना आया
बेचैन दिल को करार मिला है
प्यार मिला है रे बहुत प्यार मिला है

दुनिया के रिश्तों में खुशियों को खोजै
फिर भी ना हल्का हुआ ग़म का बोझा
तेरी शरण में तेरे भजन में
सोनू को जीवन का सार मिला है
प्यार मिला है रे बहुत प्यार मिला है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%ae%e0%a4%bf%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-reshmi-sharma/